राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग,
सी–विंग, सातवां तल, आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली।

22 MAR 2012

फा.सं. 08(01)/2012–क0सं0 एवं भाषा/ 4691–95

दिनांकः 19.03.2012

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, दिल्ली सरकार, दिल्ली/नई दिल्ली।
2. दिल्ली सरकार के अधीन सभी स्थानीय निकाय/बोर्ड/उपक्रम दिल्ली/नई दिल्ली।
3. आयुक्त पुलिस, पुलिस मुख्यालय, बहुमंजिला भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली।
4. विशेष आयुक्त, पुलिस (यातायात पुलिस), बहुमंजिला भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली।
5. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तीस हजारी परिसर, दिल्ली.

विषयः हिन्दी के समाचार पत्रों में अंग्रेजी विज्ञापन देने संबंधी।

महोदय/महोदया,

दिल्ली सरकार के इस विभाग की दिनांक 14.01.2004 की अधिसूचना सं0 7/9/97–भाषा के अनुसार दिल्ली सरकार के विभागों/उपक्रमों आदि की 26 जनवरी, 2004 से राजभाषा हिन्दी है। फिर भी दिल्ली सरकार और उसके नियंत्रणाधीन कार्यालय विभाग/स्वायत्त निकाय/सरकारी उपक्रम प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय जनसाधारण को अपेक्षित जानकारी देने के लिये हिन्दी समाचार पत्रों में अपने विज्ञापन अंग्रेजी भाषा में दे रहे हैं जिसकी पुष्टि अध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के दिनांक 26.3.2012 के पत्र के साथ संलग्न विज्ञापनों से की गई है। ये विज्ञापन दिल्ली सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने समय–समय पर दैनिक समाचार–पत्रों म प्रकाशित करवाए थे, जो कि दिल्ली सरकार की राजभाषा नीति के पूर्णतः प्रतिकूल है।

अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि हिन्दी समाचार पत्रों में ऐसे विज्ञापन प्रकाशन हेतु भिजवाने से पूर्व यह सुनिश्चित करवा लें कि ये विज्ञापन देवनागरी–हिन्दी में हों जिसके लिये संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को यथोचित निदेश देने का कष्ट करें।

भवदीया

(डॉ0 नीमा जोशी)
हिन्दी अधिकारी
दूरभाष संख्या : 23392355

फा.सं. 08(01)/2012–क0सं0 एवं भाषा/4696–4705

दिनांकः 19.03.2012

प्रति सूचनार्थ अग्रसारितः–

1. महाप्रबंधक, इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, आईजीएल भवन, सैक्टर–9, आर0के0पुरम्, नई दिल्ली।
2. उप–सचिव, दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड, जनकपुरी, नई दिल्ली–58.
3. कृषि उत्पाद विपणन समिति, नरेला, दिल्ली–40.
4. मेट्रोपोलिटेन मजिस्ट्रेट, कमरा नं0 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।
5. कुल सचिव, गुरू गोबिन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, द्वारका, नई दिल्ली–75.
6. कार्यपालक, दिल्ली नगर निगम, उद्योग नगर, पीरागढ़ी, नई दिल्ली–41.
7. मानव व्यवहार एवं सम्बद्ध आयुर्विज्ञान संस्थान, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–95.
8. चिकित्सा अधीक्षक, दादादेव मातृ एवं शिशु चिकित्सालय, डाबरी, नई दिल्ली–45
9. अध्यक्ष, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, सरस्वती बाल मन्दिर, जी–ब्लाक, नारायण विहार, नई दिल्ली।
10. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली–54.

(डॉ0 नीमा जोशी)
हिन्दी अधिकारी